<u>समाचार</u>

# रिक्त निजी भूखण्डों की गंदगी, शहर की स्वच्छता को कर रही प्रभावित, आयुक्त ने भूखण्ड मालिकों को नोटिस देने दिए निर्देश, साथ ही समझाईश भी दी

## (आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने रविशंकर नगर जोनांतर्गत विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, कालोनियों, मुख्य मार्गो, संपर्क सड़कों की साफ–सफाई का लिया जायजा)




कोरबा 30 सितम्बर 2025 –आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने शहर में रिक्त निजी भूखण्डों में पसरी गंदगी पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित भूखण्ड मालिकों को नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। आयुक्त श्री पाण्डेय ने इन भूखण्डों के मालिकों से समक्ष में चर्चा भी की तथा कहा कि रिक्त भूखण्डों की गंदगी शहर की स्वच्छता को प्रभावित कर रही है एवं शहर को साफ–सुथरा रखने की दिशा में निगम द्वारा लगातार किए जा रहे प्रयासों को भी झटका लग रहा है, अतः वे इन भूखण्डों की सफाई कराएं, भूखण्डों को सुरक्षित स्वरूप देते हुए यह देखें कि वहॉ पर पुनः गंदगी न फेंकी जाए।

आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने आज अपने प्रातः भ्रमण के दौरान रविशंकर नगर जोनांतर्गत विभिन्न आवासीय क्षेत्रों, कालोनियों, मुख्य व संपर्क सड़कों का भ्रमण कर साफ–सफाई कार्यो का जायजा लिया। यहॉ उल्लेखनीय है कि आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के द्वारा नियमित रूप से

अधिकारियों की टीम के साथ निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों, वार्ड व बस्तियों का भ्रमण कर वहॉ की साफ–सफाई व नागरिक सेवाओं व सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं का निरंतर निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज आयुक्त श्री पाण्डेय रविशंकर नगर के वार्ड क्र. 26 की विभिन्न कालोनियों, आवासीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गो व संपर्क सड़कों आदि में पैदल भ्रमण करते हुए वहॉ की साफ–सफाई व्यवस्था के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान आवासीय क्षेत्रों में रिक्त निजी भूखण्डों में पसरी गंदगी पर उन्होने अप्रसन्नता व्यक्त की तथा संबंधित भूखण्ड स्वामियों को नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने कुछ भूखण्ड स्वामियों से समक्ष में चर्चा भी की तथा उन्हें समझाईश देते हुए कहा कि रिक्त भूखण्डों में जमा गंदगी व कचरा शहर की स्वच्छता को प्रभावित कर रहा है, अतः वे भूखण्डें की सफाई कराएं, भूखण्डों को सुरक्षित स्वरूप दें तथा यह देंखे कि वहॉ पर पुनः गंदगी न हों।

**डोर–टू–डोर पहुंचकर ली सफाई कार्यो की जानकारी** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने आवासीय कालोनियों में डोर–टू–डोर पहुंचकर वहॉ के रहवासियों से सीधा संपर्क किया तथा उनसे निगम के सफाई कार्यो पर चर्चा की, उनसे पूछा कि नियमित रूप से सड़क नाली की सफाई की जाती है या नहीं, स्वच्छता दीदियॉ प्रतिदिन नियत समय पर कचरा संग्रहण के लिए उनके घर पहुंचती है या नहीं, जिसका सकारात्मक जवाब रहवासियों द्वारा दिया गया। आयुक्त श्री पाण्डेय ने उनसे अपील करते हुए कहा कि वे घरों से निकले हुए सूखे व गीले कचरे को दो अलग–अलग डस्टबिन में अवश्य संग्रहित करें, कचरे को स्वच्छता दीदियों को ही दें तथा नाली व सड़क पर कचरा न डालें। इस मौके पर आयुक्त श्री पाण्डेय ने वहॉ पर कार्य में संलग्न स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों व स्वच्छता कामगारों से भी चर्चा की तथा उनके कार्यो व कार्यस्थल की जानकारी लेते हुए बेहतर साफ–सफाई कार्यो हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।

**ठेलों दुकानों पर अनिवार्य रूप से रखें डस्टबिन** – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने विभिन्न स्थलों पर स्थित दुकानों, स्वल्पाहार व पानठेलों आदि में डस्टबिन की उपलब्धता व आसपास की साफ–सफाई का भी अवलोकन किया, उन्होने दुकानदारों, गुमठी, ठेला संचालकों को हिदायत देते हुए कहा कि वे अनिवार्य रूप से अपनी दुकानों में डस्टबिन रखें, उत्सर्जित कचरे को डस्टबिन में ही डालें तथा अपने ग्राहकों से भी ऐसा करने को कहें। दुकानों, ठेलों के पास कचरा बिखरे होने पर निगम द्वारा अर्थदण्ड की कार्यवाही की जाएगी, अतः इससे बचने के लिए अनिवार्य रूप से कचरा डस्टबिन में ही डालें।

**हेलीपेड विजिटल रूम का निरीक्षण** – मुड़ापार हेलीपेड के समीप जिला खनिज न्यास मद से लगभग 19 लाख रूपये की लागत से विजिटल रूम का निर्माण कराया जा रहा है, जिसका कार्य प्रगति पर एवं अंतिम चरण में है। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्थल पर पहुंचकर विजिटल रूम के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया तथा कार्य में आवश्यक तेजी लाते हुए जल्द से जल्द कार्य को पूरा करने के निर्देश अधिकारियों के दिए।

भ्रमण के दौरान अपर आयुक्त विनय मिश्रा, जोन कमिश्नर प्रकाश चन्द्रा, सहायक अभियंता आकाश अग्रवाल, उप जोन प्रभारी अविनाश जायसवाल, स्वच्छता निरीक्षक सचीन्द्र थवाईत, रामप्रसाद मिर्री आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।